**खबर संक्षेप**

### एसडीएम निवास ने किया विशेष गहन पुनरीक्षण गतिविधियों का औचक निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है। बुधवार को एसडीएम निवास श्री सीएल वर्मा ने ग्राम आमादादर और हांथीतारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। एसडीएम श्री वर्मा ने बीएलओ को शत प्रतिशत फॉर्म डिजिटाइज करने के निर्देश दिए।

### तहसीलदार अंजनिया ने मतदान केंद्र 190 घोंट का निरीक्षण किया

**मण्डला।** निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार चल रहे मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण के कार्यक्रम के अंतर्गत अंजनिया तहसीलदार श्री अजय श्रीवास्तव ने मतदान केंद्र 190 घोंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ टीम के द्वारा किए जा रहे गणना पत्रक वितरण एवं गणना पत्रक डिजीटलीकरण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों से प्राप्त भरे हुए गणना प्रपत्रों की ऑनलाइन फॉर्म फीडिंग का कार्य शत प्रतिशत पूरा करें। भरे हुए गणना पत्रकों को तत्काल ऑनलाईन फीडिंग कराएं। किसी भी तरह की पेंडेंसी न रखें। इस दौरान बीएलओ, पटवारी तथा कोटवार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### मोहगांव जनपद में जागरूकता शिविर 20 नवंबर को

**मण्डला।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र मण्डला के द्वारा 20 नवंबर 2025 को मोहगांव ब्लॉक के जनपद सभागार कक्ष में प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बेरोजगार युवक/ युवतियों को स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिए विभागीय योजनाओं हेतु ब्लॉक स्तर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## पटवारी और ग्रामजनों की मिलीभगत से खेत में घुसपैठ

# किसान की पुश्तैनी जमीन का हुआ फर्जी सीमांकन



### मारपीट और जबरन की तोड़फोड, किसान न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर

**मण्डला।**

जिले के ग्राम पंचायत झुरगी पौड़ी, जनपद पंचायत मोहगांव के अंतर्गत चौकी चाबी क्षेत्र से एक बेहद गंभीर और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां किसान सुकरत दास सोनवानी ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि पटवारी लाल सिंह उईके ने गांव के कुछ लोगों के साथ मिलकर उसके खेत का फर्जी सीमांकन कर दिया और सिर्फ आपसी रंजिश निकालने के लिए उसकी पुश्तैनी जमीन में घुसपैठ कर तोड़फोड़ की जा रही है। किसान सुकरत दास ने बताया कि उसके खेत में सरकारी नाला मौजूद हैं, लेकिन पटवारी ने कथित रूप से मिलीभगत करते हुए फर्जी तरीके से बदलाव कर सरकारी नाले को खेत के बीच से दिखा दिया, ताकि उसके खेत की जमीन पर गांव के कुछ प्रभावी लोग कब्ज़ा जमा सकें। किसान का आरोप है कि पूरे मामले में पटवारी पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सुकरत दास का कहना है कि मेरी गैरमौजूदगी में मेरी फेंसिंग तोड़ी गई, मेरे खेत में घुसकर मेढ बंधान को उखाड़ फेंका गया। मेरा पूरा परिवार डर और दहशत में है। गांव के कुछ लोग कलिका प्रसाद, प्रेम भवेदी, दुर्गेश भवेदी, कंसु मरकाम, बिरसिंह मरकाम, फागू मरकाम, मिथलेश मरकाम, शिवकुमार मरकाम और दयाराम भवेदी लगातार मारपीट, धमकी और परेशान कर रहे हैं। किसान ने यह भी खुलासा किया कि पटवारी ने सीमांकन सही करने के नाम पर 5,000 रुपये की अवैध मांग की, जिसमें से 3,500 नकद और 1,500 रुपए फोनपे के माध्यम से वसूले गए। किसान ने इसके सबूत भी होने की बात कही है। इतना ही नहीं बरसात के समय से किसान के खेत में लगातार अवैध घुसपैठ, तोड़फोड़, मारपीट और धमकियों का सिलसिला जारी है। किसान सुकरत दास ने बताया कि मुझे आदिवासी होने का हवाला देकर एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी जा रही है, ताकि मैं चुप रह जाऊं और अपनी पुश्तैनी जमीन छोड़ दूं।किसान ने चौकी चाबी एवं तहसील मोहगांव के अधिकारियों से भी शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई न होने से उसने कलेक्टर और





एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की मांग की है। किसान के पास तोड़फोड़ का वीडियो फुटेज, भुगतान का प्रमाण और पूरी घटनाओं के सबूत मौजूद हैं, इसके बावजूद कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है। जिम्मेदारों पर कब होगी कार्रवाई? एक तरफ सरकार किसानों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ एक गरीब किसान अपनी ही पुश्तैनी जमीन बचाने के लिए महीनों से अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। यह सिर्फ सीमांकन का विवाद नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही, भ्रष्टाचार और एक किसान को प्रताड़ित करने का गंभीर मामला है। किसान की मांग है कि फर्जी सीमांकन करने वाले पटवारी पर तत्काल निलंबन और FIR साथ ही खेत में घुसपैठ और मारपीट करने वालों पर सख्त कार्रवाई को जाए। मेरी जमीन की सत्यापन सहित निष्पक्ष सीमांकन की जाए। परिवार को सुरक्षा और न्याय की गारंटी मिल सके। अब देखने वाली बात यह है कि जिला प्रशासन इस मामले में कब कार्रवाई करता है?क्या एक गरीब किसान को उसकी पुश्तैनी जमीन पर न्याय मिल पाएगा या फाइलों में ही उसकी आवाज दबा दी जाएगी?यह मामला प्रशासनिक संवेदनशीलता और निष्पक्षता दोनों की कठोर परीक्षा बन गया है।

#### इनका कहना

शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी, चौकी चाबी को शिकायत फॉरवर्ड किया गया है, ओर चौकी प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि उचित जांच करे।

रजत सकलेचा, पुलिस अधीक्षक मंडला

मैने किसी प्रकार की पैसे की मांग नहीं की है, मेरे खाते में अनेक तरह के पैसे आते रहते है, मुझे नहीं पता उन्होंने मेरे खाते में क्यों पैसे डाले है मैने कोई पैसे की मांग नहीं की है, ओर मैं फिर से सुकरात का सीमांकन करवा दूंगा। और गांव के लोगों को मैने नहीं बोला था तोड़फोड करने के लिए, उन्होंने खुद ही तोड़फोड़ किया है।

**लाल सिंह उईके, पटवारी**



## सीडीपीओ सुश्री तिवारी ने किया बीएलओ का मार्गदर्शन

**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य लगातार जारी है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इस क्रम में मतदाता पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लेने के लिए सीडीपीओ बालविकास परियोजना अधिकारी बीजाडांडी सुश्री मनीषा तिवारी ने सक्रियता दिखाई। उन्होंने बीजाडांडी क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 44 ग्राम विजयपुर और पौड़ीमाल का भ्रमण कर मतदानकेंद्र के बीएलओ को फील्ड में जाकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया और आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बीएलओ से कहा कि वे ग्रामीणों से प्राप्त भरे हुए गणना प्रपत्रों की एक बार पुनः जांच करें। सीडीपीओ सुश्री तिवारी ने कहा कि सभी प्राप्त गणना प्रपत्रों की शत-प्रतिशत ऑनलाइन फॉर्म फीडिंग का कार्य प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान बीएलओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## किसानों को 18 हजार करोड़ की सम्मान राशि का हस्तांतरण



**मण्डला।** प्रधानमंत्री शनरेन्द्र मोदी जी के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त के तहत किसानों को रू 18 हजार करोड़ की सम्मान राशि का हस्तांतरण तथा दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती समिट 19 नवंबर 2025 का उद्घाटन कार्यक्रम तमिलनाडु के कोयंबत्तूर से बैव कास्टिंग से प्रसारण पूरे देश में किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र मण्डला में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. दीपाली बाजपेयी के मार्गदर्शन में जिसका सजीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्र की प्रभारी डॉ. दीपाली बाजपेयी ने अपने स्वागत उद्बोधन में कार्यक्रम की रूपरेखा एवं केन्द्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य मण्डला श्री शैलेश मिश्रा जी ने अपने उद्बोदन में कृषकों को जानकारी देते हुये कहा कि देश की प्रगति में कृषक समाज का बहुमूल्य योगदान हैं जिसकी वजह से मध्यप्रदेश को लगातार पिछले कई वर्षो से कृषि कर्मड़ ऑवार्ड मिल रहा हैं कृषि के साथ-साथ कृषि से संबंधित व्यवसायों को अपनाने की जरूरत हैं साथ ही कृषकों से आवाहन किया कि अपने परिवार में बच्चों को अच्छी शिक्षा दे साथ ही परिवारों को नशे से दूर रखें और उन्नत कृषि करके देश की प्रगति में अपना योगदान दे। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ.आ.पी. अहिरवार तकनीकी सत्र में कृषि की उन्नत तकनीकी की जानकारी देते हुये प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, बीज उपचार एवं रबी फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकी पर मार्गदर्शन दिया। केन्द्र के अन्य वैज्ञानिकों ने तकनीकी सत्र में वैज्ञानिक कृष्ण कुमार राणा द्वारा नरबाई प्रबंधन एवं फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन एवं उपयोग करने हेतु तकनीकी मार्गदर्शन दिया। उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के सौरभ ठाकुर सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ जिले के लगभग 180 किसानों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में आजीविका मिशन से संगीता अग्रवाल एवं आशा संस्था मण्डला से रजनीश शर्मा का विशेष योगदान रहा।

## विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस्य रखना शिव पुराण सिखाता है



**मण्डला।** देवगांव संगम में महाशिव पुराण की कथा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार की कथा में पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले ने बताया कि चित्रभानु नामक एक शिकारी ने अनजाने में ही रात भर जगते हुए शिवजी के ऊपर बेल के पत्ते अर्पित किए जिसके पुण्य से वह शिवलोक में स्थान पा गया। शास्त्री जी ने बताया कि भगवान शिव बहुत ही भोले हैं वे आसानी से प्रसन्न हो जाते हैं। शास्त्री जी ने बताया कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है। भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गये है। बाबजूद शिव ने विवाह कर गृहस्थ आश्रम में रहकर वैराग्य धर्म का अनुसरण करने का तरीका दिया। कथावाचक ने कहा कि शिव परिवार में भगवान का वाहन नंदी, मां पार्वती का शेर, गणेश भगवान का मूषक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस रखना शिव पुराण सिखाता है।

# कान्हा टाइगर रिजर्व को हेली कॉप्टर कनेक्टिविटी देने की तैयारी





**मण्डला।** पर्यटन और वन्यजीवन को नई रफ्तार देने वाली PM Shri Aerial Tourism Helicopter Service के अंतर्गत कान्हा टाइगर रिजर्व को हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने की राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना को गति मिल रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने बिछिया और नैनपुर विकासखंड के चिन्हांकित स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया। खटिया, टाटरी, बारगी और राता कामता क्षेत्रों में प्रस्तावित हेलीपेड निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि को देखा गया। राज्य सरकार की इस योजना के तहत प्रमुख शहरों, धार्मिक स्थलों और राष्ट्रीय उद्यानों को पीपीपी मॉडल के माध्यम से जोड़ने की तैयारी है। इस कड़ी में कान्हा, बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व प्रमुख सेक्टरों के रूप में शामिल किए गए हैं। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों से स्थल, संसाधनों और निर्माण संभावनाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि "सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि परियोजना के क्रियान्वयन में कोई बाधा न आए।" अधिकारियों द्वारा भूमि की माप, सीमांकन और स्थानीय आवश्यकताओं से संबंधित रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। कलेक्टर ने इस परियोजना को जिले के विकास के लिए अत्यंतमहत्वपूर्ण बताते हुए इसे शीर्ष प्राथमिकता में पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डिप्टी डायरेक्टर कान्हा टाईगर रिजर्व (कोर) श्री पुनीत गोयल, एसडीएम सोनाली देव सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

**वाटरशेड और आजीविका मिशन के काम देखे**

## संसदीय दल ने किया ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों का अध्ययन मानिकसरा में कस्टम हायरिंग सेंटर

**मण्डला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज सबंधी स्थायी समिति दल ने ग्राम पंचायत मानिकसरा का भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने कस्टम हायरिंग सेंटर एवं वाटर शेड द्वारा संचालित इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर का अवलोकन किया। अध्ययन समिति सदस्यों ने आजीविका मिशन के स्वसहायता समूह सदस्यों से मुलाकात भी की। स्वसहायता समूह सदस्य श्रीमती प्रभा तेकाम द्वारा आजीविका मिशन के मार्गदर्शन में समूह गठन, बचत, सीसीएल राशि, आजीविका गतिविधि, उत्पादक समूह, प्राकृतिक खेती, जैविक खाद निर्माण के विषय पर पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी को विस्तार से जानकारी दी गई। समिति सदस्यों द्वारा समूहों को आय अर्जन गतिविधियों के बारे में सुझाव दिए गए। समिति के अध्यक्ष श्री सप्तगिरी शंकर उलाका (सांसद) ने श्रीमती प्रभा तेकाम की बातों से प्रभावित होकर उनकी एवं समूह सदस्यों की प्रशंसा की। समिति के सदस्यों ने भ्रमण के दौरान एक बगिया माँ के नाम योजना अंतर्गत पौधरोपण भी किया। विजिट के दौरान ग्राम बरोची में बने मनरेगा अमृत सरोवर का सदस्यों ने अवलोकन किया। यहाँ दुर्गावती आजीविका स्वसहायता समूह द्वारा बांध में किये जा रहे, मछली पालन के बारे में समिति को जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, एसीईओ जिला पंचायत श्री विनोद मरावी, पीओ मनरेगा श्रीमती रितु तिवारी, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन श्री बीडी भैसारे, जिला परियोजना अधिकारी वाटरशेड श्री उमेश सिंगरौरे, जनपद पंचायत सीईओ बीजाडांडी श्रीमती बासंती दुबे के साथ जिला प्रशासन एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित



रहे। संसदीय समिति सदस्यों के बीजाडांडी मानिकसरा पहुंचने पर आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों की बहनों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। सिर पर कलश रखकर पारंपरिक अभिनंदन करते हुए उन्हें योजनाओं के कार्यों के अध्ययन के लिए आमंत्रित किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत बीजाडांडी की टीम मौजूद रही।

### संसदीय समिति में ये रहे उपस्थित

अध्ययन समिति सदस्यों में चेयरपर्सन श्री सप्तगिरी शंकर उलाका, श्रीविजय कुमार दुबे, श्री भजन लाल, श्री जुगलकिशोर, इमरान मसूद, श्रीमती गीता अलीयास, श्री नबाचरन माझी, डॉ. एम धनपाल, श्रीमती रजथी, डॉ. मोहम्मद जावेद, श्री विरेन्द्र कुमार सैलोन, श्रीमती रश्मि रॉय, श्री मृत्युंजय सिंह यादव, श्री अतुल सिंह, श्री विरेन्द्र कुमार, श्री ब्रहम प्रकाश उपस्थित थे।

# पीएमश्री हेली पर्यटन सुविधा से जुड़ेगा कान्हा नेशनल पार्क

**मण्डला। म.प्र. में शुरू की गई पीएमश्री हेली पर्यटन सुविधा से बांधवगढ़ तथा कान्हा नेशनल पार्क को जोड़ा गया है। यह सेवा पर्यटकों को कम समय में इन स्थानों तक पहुंचने में सहायक होगी।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार सेवा की शुरूआत जबलपुर से की जायेगी। हेलीकॉप्टर प्रातः 10 बजे जबलपुर एयरपोर्ट से भेड़ाघाट हेलीपेड के लिए उड़ान भरकर 10:20 मिनिट पर भेड़ाघाट पहुंचेगा। भेड़ाघाट से 10:30 मिनिट पर रवाना होकर 11:15 पर बांधवगढ़ के गुरूवाही हेलीपेड पर लैंड करेगा। यहां 20 मिनिट की बांधवगढ़ जॉय राईड कर 11:45 पर वापस गुरूवाही हेलीपेड पहुंचेगा। गुरूवाही हेलीपेड से हेलीकॉप्टर पुनः कान्हा नेशनल पार्क के लिए 12:05 मिनिट पर उड़ान भरेगा तथा 12:35 बजे मंडला एयरस्ट्रिप पर लैंड करेगा। यहां 20 मिनिट की कान्हा जॉय राईड के बाद अपरान्ह 1:05 बजे वापस मंडला एयर स्ट्रिप पर पहुंचेगा। वापस कान्हा से 1:15 बजे गुरूवाही हेलीपेड के लिए रवाना होगा। यहां 1:45 बजे पहुंचकर पुनः 1:55 बजे जबलपुर के लिए प्रस्थान करेगा।



### मिशन वात्सल्य के अंतर्गत कार्यक्रम संपन्न

**मण्डला।** प्राथमिक शाला मुड़यि रिचका ब्लॉक मवई में मिशन वात्सल्य अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले के द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं को मिशन वात्सल्य अंतर्गत शासन की योजनाओं, छात्र/छात्राओं को गुड टच-बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वच्छता एवं पौष्टिक आहार के सेवन संबंधी जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी तिवारी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य, शिक्षका मीना सोनवानी, ममता बघेल, परियोजना से पर्यवेक्षक रेवती कुडापे एवं वन स्टॉप सेंटर से प्रशासक सुश्री प्रेरणा मर्सकोले, केसर्वकर सुश्री आशा नंदा, श्रीमती साक्षी पटवा, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता हरिशंकर कछवाहा उपस्थित रहे।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# सीवरेज लाईन के निर्माण कार्य करने वाली कंपनी के मनमानी का परिणाम भोगने के लिये धूनी नगरीवासी हो रही मजबूर

**नगरवासियों का अपने घरों से वाहन निकालना हुआ मुश्किल तो बच्चे गिरते हुये पहुंच रहे अपने स्कूल...**




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा की सड़के जिस प्रकार से बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है उसको लेकर नगर के जनप्रतिनिधियों से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी निश्चित तौर से अनेक प्रकार के सबाल खड़े करते हुये जान पड़ रही है...? यदि दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले 15 वार्डो के अंदर भ्रमण करते हुये देखा जावे तो यहां की सड़को की हालत आज से 20 वर्ष पहले दुर्गम स्थिति के गांवों से भी खराब हाल में दिखाई देने से नही चूक पा रही है। हालत इस तरह बनी है कि लोग जहां अपने घरों से वाहन नही निकाल पा रहे है तो दूसरी ओर मासूम बच्चों का अपने स्थलों तक पहुंचना मुश्किल हो रहा है। क्योंकि नगर के अंदर टूटी हुई सड़को पर फैली हुई कीचड़ के बीच लोगों का निकलना मुश्किल हो चुका है। बताया जाता है कि कुछ वर्ष पहले नगर में नर्मदा जल लाने की योजना के तहत सीवरेज कार्य करने के लिये दूसरे प्रांत की कंपनी द्वारा इस कार्य को अंजाम देने के लिये बीते हुये नगर परिषद के पंच वार्षिय कार्य काल में बनी हुई पक्की सड़को की खुदाई करते हुये उनके अंदर पाईप लाईन डालने का कार्य किया गया है। मगर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा उन खोदी गई सड़को का सुधार के नाम पर निभाई गई औपचारिकता के चलते के कारण जहां संपूर्ण नगर में गंदगी व कीचड का साम्राज्य फैला हुआ है तो दूसरी ओर सीवरेज कार्य करने वाली कंपनी द्वारा जिस अवधि के दौरान इस कार्य को पूर्ण किया जाना था वह अवधि को भी सालों का समय निकल जाने के बाद भी निर्माण कार्य आज भी अधूरा दिखाई देने से नही चूक रहा है। बताया जाता है कि अनेक जगहों पर खोदकर छोड़ी गई सड़को सहित अन्य जगहो पर निर्माण कार्य अधूरा पड़ा होने से नगरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है..? वही आये दिन मनमर्जी के मुताबिक खुदाई करने में पीछे दिखाई नही दे रहे है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की मनमानी को लगातार मिडिया द्वारा उजागर किये जाने के बाद भी यहां के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों द्वारा जिस तरह चुप्पी साधी जा रही है। वह निश्चित तौर से अनेक शंकाओं को जन्म देने से नही चूक पा रही है तो दूसरी ओर मनमानी करने वाली कंपनी को यह जिम्मेदारों की भूमिका संरक्षण की मुद्रा में प्रतीत होते हुये दिखाई देने लगी है..? इस प्रकार से करोड़ो की लागत से स्थापित की जाने वाले योजना को कार्य पूर्ण चार वर्ष पहले यानि की 2 दिसंबर 2020 को हो जाना था। मगर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की धीमी गति के चलते आज भी कार्य पूर्णता की ओर नही पहुंच पाया है तो दूसरी ओर नियम के अनुसार जब किसी संस्था द्वारा शहर या फिर नगर के अंदर इस तरह पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जाता है तो मजदूरों के माध्यम से खुदाई सड़क किनारे से कराते हुये कार्य को अंजाम दिया जाता है। क्योंकि जब मजदूरो द्वारा कार्य किया जाता है तो उसके समय अधिक लगता है और निर्माण कराने वाली कंपनी को पैसा भी अधिक होता है। इस तरह पैसों की बचत करने की सोच के चलते मशीनों से कार्य कराया जाता है तो मशीन सड़क के किनारे नही चल पाती है इसी के चलते सड़को के बीचों बीच खुदाई कर दी जाती है जिसके चलते नगर में सरकारी धन राशि खर्च करते हुये बनाई गई पक्की सड़को की बलि चढ़ने



से नही बच पाती है। इस तरह नगर में अंदर सड़को के बीचों बीच डाली गई लाईन के चलते सड़को की सुरक्षा जहां समाप्त ही दिखाई देने लगी है? क्योंकि जब भी जमीन के अंदर डाली गई इस लाईन में गड़बड़ी पैदा होगी तो उसके सुधार कार्य के लिये सड़को इस तरह खुदाई होना आम बात हो जावेगी और नगरवासियों को अच्छी सड़क की जगह थिगरा बाली सड़को के बीच जिन्दगी गुजारने की मजबूर बनी ही रहेगी वही दूसरी ओर बताया जाता है कि जब निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़को के बीच बीच खुदाई की जाती है तो उन सड़को का सुधार कार्य करते हुये पूर्व के तहत बनाकर देने का जिम्मा भी होता है? मगर यहां पर तो नगर के सभी वार्डो में की गई खुदाई के बाद सड़को को जैसे का तैसा ही छोड़ देने से नगरवासी परेशान होते देखे जा रहे है तो दूसरी ओर जरा सा पानी आते ही सड़क कीचड से सराबोर होने से नही चूकती है। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों द्वारा जनचर्चाओं के दौरान आरोप लगाया जा रहा है कि निर्माण कार्य की गति अत्यंत धीमी है और निर्माण कार्य में इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता भी संदिग्ध है होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इसकी जांच करने की जगह नजर अंदाज किया जा रहा है। वही धीमी गति से चल रहे कार्य के चलते संबंधित निर्माण एजेंसी अपनी मनमानी कर रहे हैं, जिसका सीधा खामियाजा नगर की जनता को भुगतना पड़ रहा है। वही नगरवासियों द्वारा मांग की जा रही है कि करोड़ो के चल रहे इस कार्य की उच्चस्तर पर पूर्ण निष्ठा के साथ जांच होती है तो निश्चित तौर से गफलतबाजी की एक बड़ी तस्वीर सामने आने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

## खबर संक्षेप

### पैसों की बात को लेकर युवक से मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस राजेन्द्र बाबू वार्ड निवासी युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा चिंटू वर्मा महाराणा वार्ड से पैसों का लेनदेन चल रहा था। प्रार्थी द्वारा चिंटू से लिये पैसा वापिस कर दिये गये थे। मगर इसके बाद भी वह पेसा मांग रहा था। प्रार्थी जब बीते हुये दिवस रेलवे माल गोदाम के पास से अपने घर जा रहा था उसी दौरान चिन्टू अपने दोस्त अमितेश कौरव, शिवम वर्मा के साथ खड़ा मिला और अमितेश व चिंटू गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो अमितेश व चिंटू द्वारा एक राय होकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पत्थर मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस माता वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया हे कि वह अपने मामा के लड़का सहावन के साथ किसी काम से छिडाव घाट नदी गया हुआ था उसी दौरान वहां पर छोटे लाल जाटव आया और सहावन जाटव से विवाद करने लगा। प्रार्थी द्वारा दोनों के बीच बचाव करने का प्रयास किया गया तो छोटे लाल जाटव द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये पत्थर से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### सेवा निवृत आर्मी कर्मचारी द्वारा पति से की मारपीट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर की इन्द्रा कालोनी निवासी एक सेवा निवृत आर्मी कर्मी की पीड़ित पत्नी द्वारा पति के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसी शादी आर्मी में नौकरी करने वाले चंदन सिंह राजपूत निवासी सहलवाडा थाना पिपरिया जिला नर्मदापुरम के साथ वर्ष 2010 में हुई थी तथा उसका पति वर्ष 2020 में पति के सेवा निवृत होने के बाद गाडरवारा आकर रहने लगे। वही पति आये दिन शराब पीने के चलते जहां मारपीट करता है। बीते हुये दिवस जब वह शराब पीकर घर आये ओर गंदी गंदी गालिया देने लगे। जब पत्नि द्वारा पति को गाली देने से माना किया तो आरोपी पति द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पुरानी बुराई को लेकर की मारपीट

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार नगर की आईटीआई कालोनी निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस मुहल्ले के दीपक चौहान का फोन आया और प्रार्थी को कालोनी से बाहर बुलाते हुये पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मापीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### फुल्की पानी में हाथ डालने पर की पिटाई

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के सुभाष वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा दोस्त कल्लू नौरिया इमरान व इरशाद अली की चाट दुकान पर फुल्की खा रहे थें तो कल्लू नौरिया द्वारा धोखें से फुल्की पानी में हाथ डाल देने की बात को लेकर इमरान तथा इरशाद अली द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष श्रीमति पटैल की मौजूदगी में मनाई इंदिरा गांधी की जयंती



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** देश की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी की जयंती बीते हुये दिवस कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमति सुनीता पटैल की मौजूदगी में नगर की पुरानी गल्ला मंडी में मनाते हुये उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटैल ने कहा कि देश को मजबूती प्रदान करने वाली इंदिरागांधी पहली महिला प्रधानमंत्री थी। इस मौके पर समाज सेवी कांग्रेस नेता सुरेंद्र पटेल (मँझले भैया), वरिष्ठ कांग्रेस नेता एचपी रफीक साहब, रमेश अग्रवाल, प्रकाश चौरसिया, जुगल चौरसिया, राव सुरेंद्र सिंह, बसंत तपा, अनिल सोनी, राजेश जैन, विनोद ठाकुर, सतीश सैनी, अशोक मंगलानी, प्रेम बिश्नोई आयुष जैन, यश राय, टिंगू राजपूत, राधेश्याम सराठे, मनोज अवस्थी, हंसू राय, कृष्णा साहू, सुमत दादा के आलवा श्रीमती मधु साहू एडवोकेट, सत्यवती चौधरी, अवधेश रूसिया अनिल साहू, ठाकुर शरद सिंह, उमा गुप्ता, सुमत ठाकुर, मुकेश गुप्ता बंटू ,विनोद ठाकुर, मेंहमूद पहलवान, सर्वेश्वर पांडे, नीलू दुबे, के के गुर्जर, संजय कौरव, चांदनी दीक्षित, प्रीति मालवीय सहित अन्य कांग्रेस नेतागण मौजूद थें। इस दौरान कांग्रेस नेताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा दिये गये देश के लिये बलिदान व उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनके सिंद्वातों से अवगत कराते हुये कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के लिये उनके सिंद्वातों पर चलने का भरोसा दिलाते हुये इंदिरा गांधी को याद करते हुये श्रद्धासुमन अर्पित किये।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण से आक्रोशित ग्रामीणों ने कर दिया चकाजाम

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर से लेकर गांव गांव शासकीय भूमि पर जिस तरह लोगों द्वारा अतिक्रमण करते हुये अपने कब्जें में किया जा रहा है यह सच्चाई किसी से छिपी नही होगी..? क्योंकि इस तरह शासकीय भूमि पर होने वाले अतिक्रमण को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारियों की जिस तरह से संरक्षण रूपी मुद्रा अतिक्रमण कारियों के हौसले बुलंद करने से नही चूकती है और इसी का परिणाम है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ो एकड़ सरकारी भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ते हुये बहुबलियों के कब्जे में होने के कारण ग्रामीणजनों को जरूरी कार्यो के लिये परेशान होते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है। क्योंकि हर ग्राम पंचायत में राजस्व विभाग द्वारा पटवारी को नियुक्त किया जाता है और वहां की संपूर्ण भूमि का लेखाजोखा उसके पास मौजूद रहता है कि कही पर लोगों की लागामी भूमि है और कहा पर शासकीय भूमि है। मगर इसके बाद भी इस सच्चाई को पटवारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि शासकीय भूमि लगातार अतिक्रमणकारियों



के कब्जे में होने के चलते उस पर नलकूपों की खुदाई होने के साथ साथ फसले लेहराने से नही चूक रही है..? इस तरह शासकीय भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पालीखैरी के लोगों द्वारा कुछ दिनों पहले अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देते हुये मांग की गई थी कि गांव की शासकीय भूमि को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराई जावे। यदि निर्धारित अवधि तक मुक्त नही हुई तो उग्र विरोध प्रदर्शन करने के लिये मजबूर होना पड़ेगा। मगर ग्रामीणों की मांग को अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम बीते हुये मंगलवार को उस समय देखने मिला जब ग्रामीणों द्वारा एकत्र होकर स्टैट हाइवे मार्ग यानि की गाडरवारा सांईखेड़ा रोड़ पर पहुंचकर चकाजाम कर दिया गया। इस तरह ग्रामीणों द्वारा किये गये चकाजाम के चलते जहां कुछ समय के लिये दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाईन लगने से नही चूक पाई। वही दूसरी ओर इस तरह ग्रामीणों द्वारा किये जा रहे विरोध प्रदर्शन की खबर मिलते ही मौके पर प्रशासन के अधिकारियों द्वारा वहां की शासकीय भूमि को शीघ्र अतिक्रमण मुक्त कराने का भरोसा दिलाये जाने के बाद मामला शांत हुआ। अब देखना यह है कि अधिकारी ग्रामीणों की मांग को पूर्ण करने में सफल होते है कि नही यह सच्चाई आने वाला समय ही बतायेगा..?

## कार की टक्कर से पलटा आटो, सवारियों को पहुंची चोट

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस स्थानीय निवासी एक व्यक्ति द्वा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने आटो क्रमांक MP34R-2055 से सबारी लेकर गाडरवारा जा रहा था उसी दौरान खैरी तिरहा के पास पहुंचा तो गोटीटोरिया की ओर से आ रही एक सफेद रंग की कार क्रमांक MP20ZT-3511 के चालक द्वारा अपनी कार को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये आटों में टक्कर कर दी गई और मौके से भाग गया। कार की टक्कर लगने के चलते प्रार्थी का आटों पलट गया और उसमें बैठी हुई सबारी ममता अहिरवार तथा धनराज ठाकुर को चोटे आई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।



## अलग अलग जगहों पर ताश पत्तों पर हार जीत का दांव लगाते हुये गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** पुलिस द्वारा जुंआरियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के चलते बीते हुये दिना समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम भौरझिर में वही के निवासी संजू उर्फ संजय पिता रघुवीर कौरव, राम कुमार पिता ओमकार कौरव, प्रकाश पिता बालाराम मेहरा को जुंआ खेलते हुये रंगे हाथों पकड़कर आरोपियों के पास से 52 ताश पत्ते व नगदी 760 रूपया जप्त किये। इसी प्रकार से नगर के निरंजन वार्ड के हिंगलाज माता मंदिर के पास सोहेब खान पिता नजीर खान, चंदन पिता रज्जन वाल्मिक दोनो निवासी निरंजन वार्ड, भगवान दास पिता देवकरण कहार चूँगी नाका, अरबाज खान पिता रज्जन खान जवाहर वार्ड, निहाल पिता संतोष बिलजारिया, पंकज पिता विजय पस्टारिया दोनो निवासी शास्त्री वार्ड, मोनू पिता प्रमोद छीपा को जुंआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास से ताश पत्ते एवं नगदी 2500 रूपये तथा राजेश वाल्मिक पिता सुरेश वाल्मिक, नंदन पिता धनराज, आरिफ पिता सरीफ खान, अनीश खान पिता नासिर खान पांचो निवासी निरंजन वार्ड, सरफराज खान पिता आवेद खान निवासी बस स्टेण्ड गाडरवारा के पास, निहाल छीपा पिता दिनेश छीपा, शिवम कहार पिता फूलचंद कहार निवासी शास्त्री वार्ड को जुंआ खेलते हुये पकड़र नगदी 2650 जप्त किये। इसी प्रकार से नगर के जगदीश वार्ड में खिरका मंदिर के पास सतीश पिता कुहार विवेकानंद वार्ड, प्रेम शंकर पिता प्रहलाद नौरिया, नंदन पिता धनराज दोनों शास्त्री वार्ड, टीकाराम पिता राजाराम लोधी आमगांव छोटा, चंदन पिता नथ्थू लाल कहार मरघट मुहल्ला, राजकुमार पिता फूलचंद धान, आकाश पिता तुलसीराम कुर्मी, राहुल पिता ओम प्रकाश सोनी तीनों शिवाजी वार्ड को जुंआ खेलते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से 980 रूपया तथा एक अन्य दूसरे स्थान पर रेवाराम पिता मंशाराम नौरिया, किल्लू पिता गया प्रसाद कहार, प्रदीप पिता कडौरी कीर, बाबू पिता करोडी नौरिया दिलीप पिता ब्रजकिशोर लोधी, शिव कुमार पिता चंदन सिंह कहार विवेकानंद वार्ड, लीलाधर पिता रामकृष्ण कहार भटेरा, सिक्कम पिता विष्णु कुर्मी को भी जुंआ खेलत हुये पकड़कर पुलिस ने इनके पास से ताश पत्ता सहित नगदी 930 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से चीचली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मानेगांव में रामभरोस पिता रमेश अहिरवार ग्राम उकासघाट थाना गाडरवारा, राजकुमार पिता वीर ग्राम थलवाडा, रामकृष्ण पिता नंदराम अहिरवार ग्राम उकासघाट को जुंआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास ताश पत्ता व नगदी 1050 जप्त किये गया। इसी प्रकार से डोगरगांव पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया गाँधी स्मारक के पास सड़क के किनारे नीलेश कौरव पिता निरंजन कौरव, लक्ष्मीनारायण पिता गुलाब सिंह कौरव, रजनीश पिता झलकन चौधरी तीनों ग्राम इमलिया को जुंआ खेलते हुये पकड़कर इनके पास से ताश पत्ते व नगदी 1100 रूपया जप्त किये गये। इस तरह पुसिल द्वारा पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।



## रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर सांगई स्कूल में मेले का किया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक में बीते हुये दिवस झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गईं। इस अवसर पर शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई के चित्र पर तिलक लगाकर पुष्प अर्पित करते हुए याद किया गया। वही इस दौरान माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने विद्यार्थियों को रानी लक्ष्मी बाई के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को में दिये गये बलिदान से अवगत कराते हुये बताया एवं सुभद्रा कुमारी चौहान द्वारा रचित कविता खूब



लड़ी मर्दानी वों तो झाँसी वाली रानी थी कविता का गायन का आयोजन किया। जयंती कार्यक्रम उपरांत स्कूल में बच्चों ने बाल मेला लगाया। मेले में बच्चों ने पोहा, जलेवी, फुल्की, चना, अमरुद, कॉपी, पैन,खिलोना सहित अनेक प्रकार की दुकानो के स्टॉल लगाए। इन दुकानों में बच्चों ने जमकर खरीददारी की। इस अवसर पर प्रधान पाठक दशरथ प्रसाद जाटव, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, फूलवती केवट, नेतराम केवट के अलावा विद्यार्थियों में लक्ष्मी केवट, अंकिता धानक, पवन केवट, नैनसी केवट सहित अनेक बच्चों मौजूदगी रही।

## घर में घुसकर मारपीट करते हुये की गई तोड़फोड़



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** लोग पुरानी बातों को लेकर एक दूसरे की जान के दुश्मन बनकर पुरानी बातों का बदला लेने में पीछे नही रहते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कल्याणपुर में देखने मिली। जहां पर पुरानी बुराई के चलते आरोपियों द्वारा घर में घुसकर पुरूषों के साथ महिलाओं के साथ मारपीट करते हुये तोड़फोड कर क्षति पहुंचाई गई। घटना के संबंध में डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम कल्याणपुर निवासी ब्रजेश पिता गणेश प्रसाद स्वामी द्वारा अपनी शिकायत में बताया गया है कि बीते हुये दिवस जब उसका भाई हेमंत स्वामी खेत जा रहा था उसी दौरान कल्याणपुर बाजार में अशोक उर्फ चंद्रशेखर, राजेश, आनंद व आदित्य शुक्ल मिले और पुरानी बुराई की बात को लेकर एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट की गई। इसके बाद किसी भी प्रकार से प्रार्थी का भाई अपनी जान बजाते हुये भागकर घर आया तो चारों ने घर के अंदर घुसकर प्रार्थी व उसके भाई सहित घर की महिलाओं के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। वही घर के अंदर जरूरी सामग्री की तोड़फोड़ करते हुये क्षति पहुंचाते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## सरकारी स्कूलों में पदस्थ रहने वाले शिक्षक राजनीति में दिखाई दे रहे मग्न तो मासूम बच्चों का कैसे हो पायेगा भविष्य चमन...?

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि केन्द्र से लेकर प्रदेश की सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं के लिये जिस तरह अनेक प्रकार की लाभकारी योजनाये चलाते हुये उनका भला करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। वही दूसरी ओर इन सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों के लिये भी शासन द्वारा मनमानी राशि सेलरी के रूप में प्रदान करते हुये देखी जा रही है। वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो गाडरवारा क्षेत्र का बड़ा ही सौभाग्य है कि शिक्षा विभाग की बागडोर संभालने का जिम्मा क्षेत्र के विधायक को शिक्षा मंत्री के रूप में मिलने के चलते क्षेत्र के विधायक राव उदय प्रताप सिंह द्वारा भी सरकारी स्कूलों के शिक्षा स्तर को ऊपर की ओर ले जाने के लिये लगतार प्रयासरत दिखाई दे रहे है। मगर देखा जा रहा है कि क्षेत्र के इन सरकारी स्कूलों में पदस्थ कुछ शिक्षकों द्वारा अपने दायित्वों का निर्वाहन करने की जगह जिस तरह राजनीति में मग्न नजर आने के कारण बच्चों का भविष्य जहां अंधकार में दिखाई देने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री द्वारा जिस प्रकार से सरकारी स्कूलों का स्तर सुधारने के जो प्रयास किये जा रहे है उस पर ग्रहण लगने से भी नही चूक पा रहा है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये कुछ दिनों पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री व क्षेत्र के विधायक द्वारा अपने स्कूलों से गायब रहने वाले इस तरह के शिक्षकों को फटकार लगाते हुये स्पष्ट शब्दों में कहा गया था कि वह अपने दायित्वों का निर्वाहन अपनी शिक्षण संस्थाओं में रहते हुये पूरा करे जिससे मासूम बच्चों का भविष्य बन सके..? मगर इसके बाद भी क्षेत्र के कुछ शिक्षकों द्वारा अपने स्कूलों से गायब रहते हुये जिस तरह राजनीति में मग्न देखे जा रहे है। वह चर्चा का विषय बनने के साथ साथ ग्रामीणों को अपने बच्चों का भविष्य खतरे में नजर आने के चलते मजबूर होकर शिकायत करना पड़ रहा है? ग्रामीणों का आरोप है कि अपने आपको नेता समझने वाले इन शिक्षकों को राजनीति से फुर्सत नही रहती है और यदि कभी कभार फुर्सत मिल भी जाती है तो बच्चों को शिक्षा प्रदान करने की जगह वह अपने मोबाईल फोन में लग जाते है। अब सबाल यह है कि क्या इस तरह शिक्षकों की मनमानी के चलते बच्चों का भविष्य उज्जबल होने की कल्पना की जा सकती है...?

# SIR कार्य की आड़ में कर्मचारियों का शोषण! ठंड में खुले आसमान तले काम, महिला सुरक्षा पर गंभीर सवाल

डिंडोरी/शाहपुरा।

**डिंडोरी जिले की शाहपुरा और समनापुर तहसील कार्यालयों में इन दिनों आगामी चुनावों से संबंधित आवश्यक प्रशासनिक कार्यों को पूरा करने की आपाधापी चल रही है। हालांकि, इन कार्यों को पूरा करने के लिए अपनाए जा रहे तरीकों ने कर्मचारियों के बीच रोष पैदा कर दिया है और मानवीय सुविधाओं के अभाव तथा महिला सुरक्षा पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।**





### कड़ाके की ठंड में खुले में काम करने को मजबूर

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, तहसीलदार और संबंधित उच्च अधिकारियों के निर्वाचन संबंधी कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए कर्मचारियों को कार्यालय समय के बाद भी देर रात तक रोका जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि कर्मचारियों को कार्यालय भवन के अंदर की बजाय, खुले आसमान के नीचे और कड़ाके की ठंड में काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। "हम ड्यूटी की अहमियत समझते हैं, लेकिन इस ठंड में खुले में बैठकर काम करना हमारी सेहत के साथ खिलवाड़ है। प्रशासन को न्यूनतम सुविधाएं तो देनी चाहिए।

### रात 9 बजे के बाद भी महिला कर्मचारियों को रोका गया, सुरक्षा दाँव पर

मामले की सबसे संवेदनशील बात यह है कि कार्यालयों में कार्यरत महिला कर्मचारियों को भी देर रात, 9 बजे के बाद तक रोका जा रहा है। श्रम और सुरक्षा नियमों के तहत, महिला कर्मचारियों को देर शाम काम पर रोकने के लिए सुरक्षित परिवहन (Safe Transportation) और पुख्ता सुरक्षा के इंतजाम करना अनिवार्य होता है। बताया जा रहा है कि इन तहसील कार्यालयों में महिला कर्मचारियों को देर रात तक रोकने के बावजूद, सुरक्षित घर वापसी के लिए परिवहन की कोई उचित व्यवस्था नहीं की गई है। रात के समय बिना सुरक्षा उपायों के महिलाओं को काम पर रोकना उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को गंभीर खतरे में डालता है।

### वरिष्ठ अधिकारियों को देनी होगी जवाबदेही

हालांकि, SIR का कार्य अत्यावश्यक है, लेकिन यह किसी भी अधिकारी को मानवीय सुविधाओं की अनदेखी करने या महिला सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने का अधिकार नहीं देता। डिंडोरी जिला प्रशासन और संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी (DEO) को इस मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से कर्मचारियों के लिए उचित सुविधाएँ सुनिश्चित करनी चाहिए और देर रात तक काम करने वाली महिला कर्मचारियों के लिए सुरक्षा और परिवहन के विशेष उपाय करने चाहिए।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद असगर सिद्दीकी के निधन से डिंडौरी में शोक की लहर



**डिंडौरी।** जिले के प्रख्यात वरिष्ठ पत्रकार एवं बसपा पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहम्मद असगर सिद्दीकी का मंगलवार को हृदयघात के चलते जबलपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। उनके अचानक निधन की खबर ने पूरे जिले को गहरे शोक में डूबो दिया। सामाजिक और पत्रकारिता जगत में उनकी सक्रिय भूमिका और सहज व्यवहार के कारण वे सभी के बीच सम्मानित थे। बुधवार को पत्रकार भवन में जिले के सभी पत्रकारों ने एकत्र होकर सिद्दीकी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित पत्रकारों ने कहा कि सिद्दीकी ने हमेशा निष्पक्ष और तथ्य आधारित पत्रकारिता को प्राथमिकता दी। वे जनहित के मुद्दों को निर्भीकता से उठाने के लिए जाने जाते थे। पत्रकार साथियों ने बताया कि उनकी प्रतिबद्धता, सरलता और समाज के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उनके जाने से जिले के मीडिया जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

### जनपद पंचायत शाहपुरा व तहसील कार्यालय में RTI की अनदेखी, पारदर्शिता पर सवाल



**शहपुरा।** डिंडौरी जिले में सूचना के अधिकार अधिनियम (RTI) की खुली अनदेखी सामने आ रही है। जनपद पंचायत शाहपुरा तथा तहसील कार्यालय द्वारा प्रथम अपील के बाद भी आवेदकों को सूचनाएँ उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं, जिससे आम नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सूत्रों के अनुसार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी के बदले जाने के बाद प्रशासनिक कार्यप्रणाली प्रभावित हुई है। नए प्रशासनिक अधिकारी द्वारा आवश्यक अभिलेखों और सूचनाओं को उपलब्ध कराने में सहयोग नहीं किया जा रहा, और ना ही कोई शासनात्मक कार्यवाही ही की जा रही है जिसके कारण पारदर्शिता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह भी सामने आया है कि संबंधित अधिकारी सूचना देने में लगातार लापरवाही बरत रहे हैं, जिससे आरटीआई अधिनियम की भावना कमजोर होने के साथ साथ उसकी महत्ता भी समाप्त होती दिख रही है। जानकारी न मिलने से आवेदकों के कार्य लंबित पड़े हैं और कई महत्वपूर्ण मामलों में संदेह की स्थिति बनी हुई है। जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए तथा समय सीमा में सूचना उपलब्ध कराकर प्रशासनिक पारदर्शिता बहाल की जाए।

### अभा क्षत्रिय समाज ने आयोजित किया कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 16 नवम्बर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक छात्रावास में बाल दिवस के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज अनूपपुर की सभी बहनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी बहनों ने समय निकालकर अपनी सहभागिता प्रदान कर अनुशासन, पर्यावरण, नशा जैसी बुरी आदतों से दूरी, बाल अपराध, योग, आदि पर विचार व्यक्त किए गये। साथ ही बच्चों को निशुल्क स्नैक्स वा स्टेशनरी वितरण किया। बच्चों के साथ ही छात्रावास के अधीक्षक अनिल कुमार सिंह एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की संरक्षिका, श्रीमती कुमकुम सिंह बघेल, श्रीमती मीना सिंह श्रीमती मनीषा राजपूत श्रीमती बिंदु सिंह, श्रीमती रंजीता तोमर एवं सुश्री मनोरमा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षा श्रीमती मीना सिंह ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की सुश्री मनोरमा सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# जिले के 50 जन शिक्षा केन्द्रो में ओलंपियाड परीक्षा सफलतापूर्वक सम्पन्न



**डिंडौरी।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत कक्षा 2 से 8 में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए प्रथम चरण की ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन जिले के 50 जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर 18 नवंबर 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों की सीखने की क्षमता, विषयगत दक्षता, तर्कशक्ति तथा बौद्धिक विकास स्तर का मूल्यांकन कर शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं परिणाममुखी बनाना है। परीक्षा में बच्चों ने विषयगत सामान्य ज्ञान एवं तर्कशक्ति से जुड़े प्रश्नों के उत्तर ओएमआर शीट के माध्यम से अंकित किए। संकुल स्तरीय इस परीक्षा में कुल 23,766 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 22,201 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, जो 93.41 प्रतिशत उपस्थिति को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि यह उपस्थिति प्रतिशत प्रदेश स्तर पर 7वें स्थान पर रहा, जो जिले की शैक्षणिक गतिविधियों के प्रति बच्चों एवं शिक्षकों की गंभीरता को दर्शाता है। परीक्षा आयोजन के दौरान डीईओ, डीपीसी, एपीसी, बीईओ, बीआरसी, बीएसी एवं जनशिक्षकों द्वारा विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

# मानव श्रृंखला से लिंग निर्धारित हिंसा जागरुकता का संदेश



**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में प्राचार्य संदीप सिंह के निर्देशन एवं रासेयो प्रभारी डॉ. सीमा डावर की मार्गदर्शन में महाविद्यालय का बाल संरक्षण क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की संयुक्त तत्वाधान में बाल संरक्षण अभियान सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लिंग आधारित हिंसा जागरुकता का संदेश दिया गया। इस मानव श्रृंखला के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को बताया गया हैं कि प्रत्येक परिवारों एवं समाज में लिंग आधारित भेदभाव बालक या बालिका होने पर प्रत्येक परिवारों की व्यवहार में परिवर्तन देखने को मिलता हैं। जिससे दांपत्य जीवन में अंतर्कलह होने लगता हैं। इसलिए हम सभी की जिम्मेदारी हैं कि लिंग आधारित भेद नहीं करना चाहिए और सभी को समान दृष्टिकोण से देखा जाए। जिससे कि लिंग आधारित कोई हिंसा होने संभावना को दूर किया जा सकता हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

## अमरपुर और करंजिया में राजा पेमल शाह नाट्य की भव्य प्रस्तुति

# आगामी दो दिनों में हीराखान सिंह और रानी दुर्गावती पर आधारित नृत्य-नाट्य होंगे आयोजित

डिंडौरी।

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन डिंडौरी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जननायक समारोह की शुरुआत अमरपुर के शासकीय सांदीपनि विद्यालय तथा करंजिया के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में गोंड जननायक राजा पेमल शाह की मनमोहक नृत्य-नाट्य प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रस्तुतियों की सराहना की।





कार्यक्रम के प्रथम दिवस कलाकारों ने राजा पेमल शाह के शौर्य, न्यायप्रियता, जनकल्याणकारी दृष्टिकोण और गोंड सांस्कृतिक विरासत को पारंपरिक नृत्य व सजीव अभिनय के माध्यम से प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन, आकर्षक मंच सज्जा और सांस्कृतिक परिधानों ने वातावरण को पूरी तरह ऐतिहासिक बना दिया। मंचन का निर्देशन रामचंद्र सिंह, संगीत संयोजन किशन राय द्वारा किया गया। अमरपुर में पुनर्संयोजन नवीन सिंह श्याम तथा करंजिया में पुनर्संयोजन रामचंद्र सिंह द्वारा किया गया।

जिला प्रशासन डिंडौरी एवं संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं, बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों एवं सांस्कृतिक प्रेमियों से अनुरोध किया जाता है कि वे 20 नवंबर को अमरपुर और करंजिया में आयोजित होने वाली इन ऐतिहासिक नृत्य-नाट्य प्रस्तुतियों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गोंड जननायकों की गौरवशाली परंपरा का साक्षात्कार करें।इन प्रस्तुतियों के माध्यम से आप न केवल हमारे इतिहास, सांस्कृतिक धरोहर और गोंड जनजाति के शौर्य से रूबरू होंगे, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और प्रेरणा से परिपूर्ण अनुभव प्राप्त करेंगे।



आइए, अपने परिवार और मित्रों के साथ इन प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आनंद लें और हमारे जननायकों की विरासत को सम्मानपूर्वक आगे बढ़ाने में सहभागी बनें।

# वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**डिंडौरी।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स कार्यकारी समिति के निर्देशानुसार वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तारपूर्वक चर्चा हेतु आज दोपहर 1:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष डिंडौरी में जिलास्तरीय वन अधिकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में टास्क फोर्स कार्यकारी समिति के माननीय सदस्य डॉ. शरद चन्द्र लेले, गिरीश कुबेर, कालू सिंह मुजाल्दा, एवं रूपनारायण माण्डवे जी ने भाग लिया। समिति के सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन जिलास्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा किया गया।बैठक के दौरान कार्यकारी समिति ने वन अधिकार अधिनियम 2006 के दावों के निराकरण में आ रही चुनौतियों, जनसुनवाई में सामने आए मुद्दों तथा ग्रामवासियों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। समिति द्वारा दिए गए मार्गदर्शन को कलेक्टर डिंडौरी द्वारा गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।



कार्यकारी समिति ने जिलास्तरीय वन अधिकार समिति के सदस्यों श्री प्रीतम सिंह मरावी एवं श्रीमति हेमवती ठाकुर की सक्रिय उपस्थिति एवं ग्रामीण हितों के प्रति उनके योगदान की सराहना की।बैठक में कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिलास्तरीय वन अधिकार समिति, डिंडौरी वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल डिंडौरी,श्री प्रीतम सिंह मरावी श्रीमति हेमवती ठाकुर, सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी, एसडीओ फॉरेस्ट शहपुरा, क्षेत्र संयोजक, जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी उपस्थित रहे।बैठक का मुख्य उद्देश्य जनसुनवाई (18 एवं 19 नवम्बर 2025) के दौरान प्राप्त जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु दिशा-निर्देश तय करना तथा वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन को और अधिक पारदर्शी एवं जनहितैषी बनाना रहा।जिले में वन अधिकार अधिनियम एवं पेसा कानून के सुदृढ़ क्रियान्वयन हेतु इस बैठक को अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया।

# वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु टास्क फोर्स समिति द्वारा जनसुनवाई आयोजित

**डिंडौरी। जनपद पंचायत में वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से गठित टास्क फोर्स समिति द्वारा जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में कांदा टोला, बरेंडा, ढाबा, किवाड़, बैगा टोला छांटा, दामी तितराही, वनग्राम उमरधा, अजगर और छपरा सहित विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं।**



जनसुनवाई के दौरान समिति ने सभी आवेदनों और समस्याओं का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा एवं समाधान हेतु मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स–कार्यकारी समिति के सदस्य डॉ. शरद चन्द्र लेले, गिरीष कुवेर, कालू सिंह मुजाल्दा एवं रूप नारायण माण्डवे ने आज विकासखंड मेहंदवानी अंतर्गत ग्राम दादर घुघरी एवं झामझोला में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। जनसुनवाई के दौरान ग्राम पंचायत जाडासुरंग के ग्राम बरेंडा निवासी लामू सिंह बैगा ने बताया कि उनके पूर्वज वर्ष 1994-95 से ग्राम में निवासरत हैं, इसके बावजूद उन्हें अब तक वन अधिकार पत्र का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि वह दो बार दावा प्रस्तुत कर चुके हैं, परंतु उनका दावा स्वीकार नहीं किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत ढाबा के ग्राम दादर टोला निवासी प्रेम सिंह निरवैया ने अपनी समस्या रखते हुए कहा कि उनकी जमीन की नपाई अभी तक नहीं की गई है। इस संबंध में उन्होंने बीटगार्ड और सचिव को अवगत कराया था। अधिकारियों ने बताया कि आदेश प्राप्त होने के पश्चात नपाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। इस पर टास्क फोर्स समिति के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा आदेश जारी किया जा चुका है, जिसके अंतर्गत सभी खेतों की नपाई की जाएगी और उसके बाद ही वन अधिकार पत्र वितरित किए जाएंगे। इसी क्रम में वनग्राम अजगर एवं छपरा के गैर अनुसूचित जनजाति के ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्ष 1911 से वहां निवासरत हैं, इसके बावजूद उन्हें आज तक वन अधिकार पत्र प्राप्त नहीं हुए हैं।

# सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित

**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बोधघुण्डी की निर्वाचित सरपंच जयमती कुशराम के विरुद्ध ग्राम पंचायत के सभी पंचगण रूष्ठ होकर अविश्वास के आसय का आवेदन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिंडौरी को दिए। जिस पर 19 नवंबर को पंचायत का सम्मेलन नायब तहसीलदार अमरपुर की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिस पर ग्राम पंचायत की सभी 10 पंचों ने अविश्वास के पक्ष में मतदान किया और 10 की विरुद्ध 0 से प्रस्ताव पारित हुआ और तब से ही ग्राम पंचायत बोधघुण्डी में सरपंच का पद रिक्त हो गया।



**इनका कहना हैं कि-**

हम सभी पंचगण सरपंच की कार्यप्रणाली से परेशान थे, और अब अविश्वास करके सफल हुए हैं।

**शंकर सिंह कुशराम**
(उपसरपंच बोधघुण्डी)

# शहपुरा नगर परिषद ने शुरू किया दो दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान

मुख्य मार्गों पर होगा व्यापक सफाई कार्य

**शहपुरा। नगर परिषद शहपुरा द्वारा नगरीय क्षेत्र में दो दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान के तहत शहर के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, नालियों तथा मोहल्लों में विशेष रूप से संपूर्ण सफाई कार्य किया जाएगा।**



परिषद का उद्देश्य त्योहारों के बाद शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। अभियान का शुभारंभ मुख्य नगर परिषद अधिकारी रीना राठौर ने किया। उन्होंने गठित टीमों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के दौरान नगर का कोई भी क्षेत्र साफ-सफाई से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने सभी सफाई कर्मचारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने तथा विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले इलाकों पर ध्यान देने के निर्देश दिए। सीएमओ राठौर ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने घरों और दुकानों से निकलने वाले गीले तथा सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करें और कचरा वाहन आने पर समय पर उसी में डालें। इससे न सिर्फ शहर स्वच्छ रहेगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा।नगर परिषद का यह विशेष अभियान शहर को स्वच्छता की दिशा में नई ऊर्जा देने वाला माना जा रहा है। परिषद ने उम्मीद जताई है कि नागरिकों के सहयोग से शहपुरा को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का लक्ष्य शीघ्र ही पूरा होगा।

### भाजपा मंडल का घर-घर संपर्क अभियान तेज

**शहपुरा।** नगर के बूथ क्रमांक 76 श्री राम मंदिर वार्ड में भाजपा का मतदाता संपर्क अभियान जोर पकड़ रहा है। बूथ अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल महामंत्री, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद सुरेन्द्र साहू तथा BLA माधव प्रसाद साहू ने बुधवार को SIR (Special Intensive Revision) को लेकर क्षेत्र के मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर संपर्क किया। टीम ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के महत्व को समझाते हुए नागरिकों से अपने नाम, पता एवं दस्तावेजों का मिलान करने की अपील की। स्थानीय लोगों ने भी अभियान का स्वागत करते हुए सहयोग का भरोसा दिया। भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि पार्टी हर घर तक पहुंचकर मतदाता जागरूकता और सूची के सही अपडेट को प्राथमिकता दे रही है, ताकि किसी भी मतदाता का नाम छूटने न पाए।



### भाजपा शक्ति केंद्र चंदवाही में संगठन सुदृढ़ीकरण को लेकर बैठक सम्पन्न

**शहपुरा।** भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र चंदवाही में संगठनात्मक मजबूती और बूथ स्तर की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक मण्डल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती के निर्देशन में आयोजित हुई, जिसमें संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित मण्डल प्रभारी रामलाल रजक ने भाजपा कार्यकर्ताओं को **S.E.R.** (स्ट्रेंथनिंग ऑफ इलेक्ट्रोरल रोल्स) के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए बूथ ही चुनाव जीतने की आधारशिला है, इसलिए हर शक्ति केंद्र में **BLA**-2 की सक्रिय भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इसी उद्देश्य से **BLA**-2 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया और उन्हें आवश्यक जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। इस दौरान शक्ति केंद्र प्रभारी एवं मंडल उपाध्यक्ष विजय कुमार साहू ने बूथ स्तर की रणनीति, मतदाता संपर्क अभियान और भाजपा की आगामी गतिविधियों पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भाजपा का विस्तार बूथ और शक्ति केंद्रों की मजबूती पर आधारित है, इसलिए प्रत्येक पदाधिकारी को अपने दायित्व गंभीरता से निभाने होंगे। बैठक में पंच-परमेश्वर, बूथ पदाधिकारी और वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के लिए सुझाव दिए और टीम भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। अंत में यह निर्णय लिया गया कि भाजपा के हर बूथ को 'सशक्त बूथ – मजबूत भाजपा' की अवधारणा पर आगे बढ़ाया जाएगा।

## राजकीय सम्मान के साथ आज दी जाएगी अंतिम विदाई

# नक्सली मुठभेड़ में जिले का सपूत हुआ शहीद









### जनवरी में होने वाली थी शादी , फैला मातम

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस बुधवार को छत्तीसगढ़ , महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश की सीमा क्षेत्र से लगे बालाघाट जिले की राजनांदगांव के पास स्थित डोंगरगढ़ इलाके व बोरतलाव थाना क्षेत्र में हुई नक्सली मुठभेड़ मे जिले का वीर सपूत निरीक्षक आशीष शर्मा शहीद हो गाए। उक्त घटना की सूचना जैसे ही जिले एवं गांव वासियों को मिली तो सभी की आंखे नम हो गई। ज्ञात हो कि आशीष शर्मा मध्यप्रदेश हार्कफोर्स में इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ थे। मिली जानकारी के अनुसार मुठभेड़ मे उन्हे सीने, पेट व पैर मे गोली लगी जिससे उनकी मौत हो गई। शहीद होने की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ट्वीटर पर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

### नक्सली छिपे होने की मिली थी सूचना

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र पुलिस की एक संयुक्त सर्चिंग टीम को बुधवार सुबह सीमावर्ती इलाके में नक्सल विरोधी अभियान चला रही थी, जहां तीनों राज्यों के बॉर्डर पर स्थित बोरतलाव क्षेत्र में करीब 25 से 30 नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। जैसे ही संयुक्त सर्चिंग टीम घटनास्थल पर पहुंची, नक्सलियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। बताया गया है कि इंस्पेक्टर आशीष शर्मा उस समय तीनों टीमों का नेतृत्व कर रहे थे और इसी फायरिंग की जद में आने से उन्हें गोली लग गई। गंभीर रूप से घायल आशीष शर्मा को तत्काल डोंगरगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शहादत की सूचना मिलते ही, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं स्थानीय विधायक ने तत्काल शहीद के निवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार को संवेदनाएं प्रदान कीं।

### दो बार मिल चुका वीरता पदक


जिले की गाडरवारा तहसील के ग्राम बोहानी निवासी आशीष शर्मा वर्ष 2016 बैच के प्लाटून कमांडर थे। आशीष शर्मा तीन राज्यों मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की संयुक्त नक्सल उन्मूलन टीम का नेतृत्व कर रहे थे। बुधवार को नक्सलियों के मूवमेंट की सूचना के बाद जंगल में आशीष शर्मा टीम के साथ सर्चिंग पर गए थे जहां नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। आशीष शर्मा के पिता देवेन्द्र शर्मा किसान हैं एवं एक छोटा भाई है जो भोपाल में पढ़ाई कर रहा है। शहीद आशीष शर्मा के परिचितों ने बताया कि आशीष शानदार व्यक्तित्व के धनी थे। हाल ही में उनकी शादी तय हुई थी और जनवरी के महीने में उनकी शादी होने वाली थी। आशीष शर्मा को पूर्व में कर्तव्य के दौरान साहस व असाधारण बहादुरी प्रदर्शित करने के लिए दो बार भारत सरकार द्वारा वीरता पदक से सम्मानित किया गया था। नक्सली को मार गिराने पर दो वर्ष पूर्व इंस्पेक्टर आशीष शर्मा को सब इंस्पेक्टर से आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देकर इंस्पेक्टर बनाया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह और पूर्व डीजीपी सुधीर सक्सेना ने आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया था।

### मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

इंस्पेक्टर आशीष शर्मा के शहीद होने की खबर से उनके गांव में दुख का माहौल है। वहीं मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी ट्विटर पर पोस्ट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। सीएम मोहन यादव ने अपनी पोस्ट में लिखा है- आज म. प्र. हॉक फोर्स के निरीक्षक आशीष शर्मा नक्सलियों से मुठभेड़ में वीरगति को प्राप्त हुए। मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनका सर्वोच्च बलिदान राष्ट्रीय नक्सल उन्मूलन अभियान में सदैव अविस्मरणीय रहेगा तथा उन्होंने नरसिंहपुर जिले के गौरवशाली इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज कर दिया है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की संयुक्त टीम द्वारा छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव के जंगलों में नक्सल विरोधी ऑपरेशन के दौरान उन्होंने अभूतपूर्व वीरता और साहस का प्रदर्शन किया। नक्सल उन्मूलन के राष्ट्रीय अभियान में उनका सर्वोच्च बलिदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। शहीद आशीष शर्मा को राजकीय सम्मान को विदाई दी जावेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भी शहीद के अंतिम विदाई कार्यक्रम में शामिल होगें।

## खबर संक्षेप

### पुष्पांजलि सभा का आयोजन आज



नरसिंहपुर। प्रख्यात जनप्रिय राजनेता एवं म.प्र.शासन के पूर्व वित्त मंत्री स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान की जयंती के अवसर पर आज 20 नवम्बर को एम.आई.एम.टी. कालेज नरसिंहपुर द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 10:30 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान के समाधि स्थल पर प्रति वर्षानुसार पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा एवं एन.सी.सी. दल द्वारा सलामी दी जायेगी। इसके पश्चात प्रातः 11:00 बजे जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया जायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने गणमान्य जनों से उपस्थिति की अपील की है।

### खेतों में बीज को नुकसान पहुंचा रहे जंगली सुअर

तेंदूखेड़ा। इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में किसान जंगली सुअरों के आतंक से परेशान देखा जा रहा है। कृषकों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि हर साल की अपेक्षा इस साल खेती बहुत ही बिलंब से शुरू हो सकी है। हाल ही में चना मसूर की बोनी की जा रही है। लेकिन जंगली सुअरों का आतंक इन खेतों में बना हुआ है।दिन के समय गन्नों के खेत में सुअरों के झुंड गन्ने की फसलों में छिप जाते हैं।या जंगल तरफ भाग जाते हैं रात को अंधेरा होते ही रात्रि के समय बड़ी संख्या में बोनी बाले खेतों में फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं।रात रात भर खेतों की रखवाली करनी पड़ती है।देशी पुराने प्रयोग हल्ला करना पड़ता है या फिर पटाखे फोड़कर कर भगाना पड़ता है।इन सुअरों की बड़ी बड़ी सींखें होने के कारण भय भी बना रहता है। किसानों का कहना है कि बड़ी संख्या में सुअर बीज को ही चट जाते हैं।जब तक फसल अंकुरित नहीं हो जाती तब तक बहुत रखवाली करनी पड़ती है। लेकिन जंगली क्षेत्रों में चीतल नीलगाय गुराह फिर इन अंकुरित फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं।

### पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम का हुआ लाइव प्रसारण



नरसिंहपुर। गत दिवस पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया किसानों के लिए आज पीएम सम्मान निधि की 21 वी किश्त जारी की गई। इस अवसर पर जिले के सीएससी केंद्रों पर पीएम सम्मान निधि के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किसानों को दिखाया गया। सीएससी केंद्रों मे डीजीपे के माध्यम से राशि निकासी की सुविधा उपलब्ध होने पर किसानों द्वारा पैसे भी निकाले गए। सीएससी द्वारा केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा संचालित जन हितैषी सेवाओ का संचालन जैसे दृ आधार केंद्र, बैंक कीओस्क, टेली लॉ सर्विस, आयुष्मान, पी.एम.विश्वकर्मा योजना, पी. एम. किसान के ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी, लाडली बहना ई-केवायसी, ई- डिसट्रिक्ट सेवाएं, बैंकिंग सेवाए, बीमा सेवाए आदि कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से प्रत्येक ग्राम एवं शहरी क्षेत्रो में प्रदान किया जा रहा है।

### श्रद्धांजलि व गांधी भवन का भूमि पूजन समारोह आज

नरसिंहपुर। स्व. कर्नल अजय मुशरान की 94 वीं पुण्य जयंती पर राज्यसभा सांसद एवं अध्यक्ष गांधी भवन ट्रस्ट विवेक कृष्ण तन्खा के विशेष प्रयासों से गांधी भवन का भूमि पूजन एवं श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम 20 नवंबर को समय दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुशरान पार्क स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, कृषि रत्न एवं पूर्व वित्तमंत्री स्व. श्याम सुन्दर नारायण मुशरान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जावेगा, तत्पश्चात गांधी भवन का भूमिपूजन स्थनीय पुराना बस स्टैंड के पास किया जावेगा। वरिष्ट अधिवक्ता एवं सांसद विवेक कृष्ण तन्खा की उपस्थिति में तुलसी मानस भवन में स्व. कर्नल अजय नारायण मुशरान, पूर्व वित्तमंत्री म.प्र. शासन की श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे अतिथि गण हरीश चौधरी, जीतू पटवारी, उमंग सिंगार, अरूण यादव, डॉ. गोविन्द सिंह, अशोक सिंह, कुणाल चैधरी आदि की उपस्थिति में किया जावेगा। पं. मैथिलीशरण तिवारी उपाध्यक्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भवन ट्रस्ट नरसिंहपुर एवं पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस, नर्मदा प्रसाद प्रजापति उपाध्यक्ष, चै. चन्द्रशेखर साहू सचिव एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भवन ट्रस्ट के सभी पदाधिकारियों द्वारा आयोजन में समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों एवं जन सामान्य उपस्थिति की अपील की गई।

## दीपांजलि कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नरसिंह सिंगिंग स्टार्स नॉन प्रोफेशनल सिंगर ग्रुप के द्वारा दीपावली पश्चात दीपांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय अमर पैलेस होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमआईएमटी कॉलेज के चेयरमैन इंजीनियर रूद्रेश तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे सभी ने अपनी सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियां दी करेली से पधारे अतिथियों विजय नेमा, कौशल नेमा, पंकज गुप्ता, अमित जैन एवं उसके साथियों ने भी अपने गीतों के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज की ग्रुप के सदस्य श्रीमती स्वाति जैन एवं शासकीय महाविद्यालय में गणित विषय के प्राध्यापक डॉ गणेश सोनी को हाल ही में प्राप्त विशेष पुरस्कार के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध गायक पंकज सागर, अजय शुक्ला, राव तरेंद्र, मनीष चौकसे, मुकेश गुप्ता, नीलेश मलैया, मनोज नेमा, मुकेश नेमा, रविंद्र जैन, संजय तिवारी, ऋषभ जैन, नीरज गुप्ता, इंजीनियर निशा सोनी, कमलेश सोनी ने अपनी प्रस्तुतियां दी कार्यक्रम का संचालन मनीष नेमा एवं अमित जैन ने किया उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी संजय राय द्वारा दी गई।

### कलेक्टर ने बालिकाओं को स्वागत किट की वितरित



नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने मंगलवार को जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में जन्मी 39 नवजात बालिकाओं को बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत स्वागत किटों का वितरण किया। कलेक्टर ने किट के माध्यम से नवजात बालिकाओं के लिए एक जोड़ी कपड़े, खिलौना, बेबी कंबल आदि सामग्री प्रदान की। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने नवजात बालिकाओं और उनकी मां के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने पोषण आहार लेने की सलाह दी। इस दौरान स्वागत किट पाकर माताएं प्रसन्न नजर आई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नरसिंहपुर राधेश्याम वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नरसिंहपुर, सहायक संचालक सुश्री प्राजंली मर्सकोले सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

## ऐतिहासिक मूर्ति कला का सुन्दर दर्शन है वनवासी राम मंदिर





**तेंदूखेड़ा** नगर तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 08 में राम मंदिर में विराजमान भगवान श्री राम जानकी एवं लक्ष्मण जी का वनवास के भेष में दिव्य विग्रह प्राचीन एवं ऐतिहासिक है। मंदिर में विराजमान यह दिव्य दरबार काले रंग के प्राचीन एवं विशेष पत्थर से निर्मित है । भारत के राम मंदिरों में अधिकतर राजाराम की मूर्तियों के दर्शन होते हैं। वनवास के भेष में भगवान के बहुत कम मंदिर हैं। दूसरी विशेषता है कि भगवान राम के दोनों पार्श्व भाग दाहिने और वाम भाग में लक्ष्मण जी और सीता जी की मूर्तियां इसी शिला पर बनी हुई हैं। जो कि उस समय की विलक्षण मूर्तिकला का सुंदर उदाहरण है। पाण्डित्य कर्म से जुड़े नगर के पचौरी परिवार के निवास पर यह दिव्य मंदिर है ।जहां वनवासी राम विराजमान हैं। वयोवृद्ध पंडित भगवत प्रसाद पचौरी ने हमारे प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए बताया कि ये मूर्तियां हमारे यहां कई पीढियों से पूजी जा रही हैं। हमारे पैतृक ग्राम में सदियों से इन मूर्तियों की पूजा होती आ रही है। ये मूर्तियां बड़ी आकर्षक तेजोमय वनवास के बेष में और एक ही शिलाखण्ड पर निर्मित हैं। भारत के चार धाम में से एक द्वारका में द्वारकाधीश के मंदिर में विराजमान भगवान के विग्रह के मूल रूप और हमारे बनवासी राम के मूल रूप में बहुत सी समानताएं हैं। इससे अनुमान लगाया जाता है कि ये विग्रह समकालीन हो सकते हैं।

## आयुष विभाग का निःशुल्क चिकित्सा शिविर



गोटेगांव नरसिंहपुर

स्वास्थ्य जांच, आयुर्वेदिक उपचार व जागरूकता से भरपूर सफल आयोजनगोटेगांव बीते दिनों संचालनालय आयुष भोपाल (म.प्र.) के आदेश तथा कलेक्टर महोदया व जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर खमरिया द्वारा ठाकुर बाबा वार्ड, गोटेगाँव में पी.वी.टी.जी बाहुल्य कोल जनजाति के लिए निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में ग्रामीणों की डायबिटीज एवं उच्च रक्तचाप की जाँच कर निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियाँ प्रदान की गईं। साथ ही विशेषज्ञ टीम ने लोगों को दिनचर्या, ऋतुचर्या और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर में डॉ. नेहा मेश्राम आयुर्वेद मेडिकल ऑफिसरश्रीमती माया मुड़िया आयुष AMN हरीदास लोधी योग प्रशिक्षक थे एवं वार्ड प्रभारी राहुल वर्मा जिन्होंने शिविर के संचालन व सुचारू व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वही शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचकर लाभ लिया !

### संभाग स्तरीय व्हालीबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर 2025-26 के अनुसार संभाग स्तरीय अंतर जिला व्हालीबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में संपन्न हुआ प्रतियोगिता में जबलपुर जिला कटनी जिला एवं नरसिंहपुर जिले की टीम ने सहभागिता की प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. बी. सिंह द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जबलपुर और नरसिंहपुर के मध्य खेला गया जिसमें जबलपुर 2.0 से विजई रहा। प्रतियोगिता में अतिथियों के रूप में डॉ. सतीश दुबे, डॉ. अधीकेश राय, देवेंद्र दुबे, मृदुलेश दुबे, पंकज नेमा, डॉ. एस. के. उपरेलिया, डॉ.जी. एस. मर्सकोले, डॉ. आलोक तिवारी द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका रोहित विश्वकर्मा, विजय सेन, मानसी कुशवाहा, शिखर सिंह, दीपक कंसारा एवं जीजीबाई द्वारा निभाई गई।

## रानी अवंतीबाई लोधी हाइड्रोपावर प्लांट, बरगी का औद्योगिक भ्रमण

गोटेगांव नरसिंहपुर



शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गोटेगांव के प्रशिक्षुओं द्वारा आज रानी अवंतीबाई लोधी हाइड्रोपावर प्लांट, बरगी का औद्योगिक भ्रमण किया गया। इस औद्योगिक यात्रा के दौरान प्रशिक्षुओं ने बांध की संरचना, जल प्रवाह प्रबंधन, बिजली उत्पादन की प्रक्रिया, टरबाइन संचालन, नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली तथा संपूर्ण हाइड्रोपावर जनरेशन सिस्टम से जुड़े तकनीकी पहलुओं का विस्तृत अवलोकन एवं अध्ययन किया।संस्थान की प्राचार्या सुश्री ऋतु बाक्टे ने बताया कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण से प्रशिक्षुओं को वास्तविक औद्योगिक वातावरण का अनुभव मिलता है तथा तकनीकी ज्ञान में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।भ्रमण के दौरान संस्थान के स्टाफ सदस्य श्री नारायण कोष्टा, श्री माजिद खान, श्री कृष्ण कुमार सोनकर, श्री अनिल टेकाम, श्री हीरालाल कहार आदि उपस्थित रहे और उन्होंने प्रशिक्षुओं को विभिन्न तकनीकी बिंदुओं की जानकारी भी प्रदान की।

## लाखों की नल जल योजना अधूरी पड़ी, ग्रामीण परेशान

गोटेगांव नरसिंहपुर




गोटेगांव जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेमी में लाखों रुपये की लागत से प्रारंभ की गई नल जल योजना ठेकेदार की गंभीर लापरवाही के कारण अधूरी पड़ी है। शासन की मंशा ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना थी, किन्तु पाइपलाइन बिछाने का कार्य समय पर पूरा न होने से ग्रामवासी आज भी पेयजल के गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं।

### अधूरा कार्य और निम्न गुणवत्ता

ग्रामवासियों के अनुसार, ठेकेदार ने पाइपलाइन बिछाने का कार्य बीच में ही रोक दिया है। जो कार्य किया गया है, उसकी गुणवत्ता अत्यंत खराब है। कई स्थानों पर पाइपलाइनें लीकेज हो रही हैं और नल स्थापित कर जल सप्लाई की व्यवस्था भी सही प्रकार से नहीं की गई है। लापरवाही का आलम यह है कि सरकारी धन से शुरू हुई यह महत्वपूर्ण परियोजना अधूरी रह जाने के कारण ग्रामीणों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### हैंडपंपों पर निर्भर ग्रामीण

गांव में जलसंकट इतना अधिक है कि आज भी अधिकांश परिवार शासकीय हैंडपंपों पर ही निर्भर हैं। पानी भरने के लिए ग्रामीणों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, जिससे उनका दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है

### ग्रामवासियों की मांग पर प्रशासन मौन

ग्रामीणों ने ठेकेदार की उदासीनता पर रोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि ठेकेदार को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के लिए बाध्य किया जाए। परंतु इस गंभीर समस्या तथा सरकारी धन के दुरुपयोग के बावजूद प्रशासन की चुप्पी ग्रामीणों को और अधिक निराश कर रही है। इससे न केवल योजना का उद्देश्य विफल हो रहा है, बल्कि ग्रामीण अपने मूलभूत अधिकार स्वच्छ पेयजल से भी वंचित हो रहे।